# JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road, Rajarajeshwari Nagar,
Bangalore - 560 098

***Date: December 2017*** ***SUBJECT: HINDI***

***II PUC***
***MOCK II***

***Timings Allowed: 3 Hrs.*** ***Total Marks: 100***

**सूचनाः १. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।**
**२. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।**

I **अ. एक श्ब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 = 6**

1सुजान की पत्नी का नाम क्या है ?
2. जो मनुष्य सत्य बोलता है,वह किससे दूर भागता है ?
3. मां कहां विराज रही थी ?
4.पिता जी के अंतरंग मित्र का नाम लिखिए ?
5. विश्वेश्वर्य्या का पूरा नाम लिखिए।
6. शामनाथ मां को कौन से रंग के शलवार-कमीज़ पहनने के लिए कहते हैं ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 X 3 = 9**

7. सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार कैसे प्राप्त करता है ?
8. मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए ?
9. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?
10.नारद आखिर भोलाराम का पता कैसे लगाते है ?
11. "तोदाजयी मंदिर "का वर्णन कीजिए।

**II अ. निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ?** **1 X 4 = 4**

12. "धरम के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं"।
13. "हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब "।
14. "आज तुम खाना जल्दि खा लेना "।
15 "क्यों धर्मराज,कैसे चिंतित बैठे है।"

**आ. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए (किन्ही दो)** **3 X 2 = 6**

16."कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है "।
17. "बेटा, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।"
18."मेरी मां गांव की रहनेवाली हैं। उमर-भर गांव में ही रही हैं "।
19."यहां तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे।"

**I11 अ. एक श्ब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 = 6**

20. रैदास अपने आप को किसका सेवक मानते है ?
21. रहीम किसे बावरी कहते है ?
22. आंखों की सुन्दरता किससे बढती है ?

23. बेटी सोने के गहने क्यों पहनना नहीं चाहती है ?

24. कौन राह रोकता है ?

25. माखन का भोग कौन लगाते है ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 X 2 = 6**

26. रैदास ने भगवान और भक्त के सम्बन्ध को कैसे वर्णित किया है ?

27. श्रीकृष्ण के रुप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

28. कवयित्री अमरों के लोक को कयों ठुकरा देती हैं ?

29. वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

**इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 4 X 2 = 8**

30 बढ़त – बढ़त सम्पत्ति – सलिलु, मन -सरोजु बढ़ि जाइ।
घटत – घटत फिरि न घटै , बरु समूल कुम्हिलाइ ।\

**या**

एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सीचिबो, फूलै फलै अघाय॥

**३१क्या अमरों का लोक मिलेगा ?**
**तेरी करुणा का उपहार ?**
**रहने दो है देव। अरे**
**यह मेरे मिटाने का अधिकार।**

**या**

**दूर से ही ललकारता,"कौन ?"**
मैं जवाब देता, "दोस्त"।
और पल भर को बैठ जाता
उसकी ठंड़ी छांव में॥

**IV अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए : 1 X 5 = 5**

32. मिश्रानी कितने वर्षों से मूलराज के परिवार में काम कर रही थी ?

33.दादा जी के अनुसार उनका परिवार किस पेड़ के समान है ?

34.दादा जी ने परेश से छोटी बहू को कहां ले जाने के लिए कहा ?

35. .संस्कृत के महापंडित कौन है ?

36 भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए।

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 X 2 = 10**

37.रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा ?

38.मालवी ने सारी की सारी छत क्यों और कैसे खोद डाली ?

39.भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होनेवाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए।

४०. टिप्पणी लिखिए :- १. आभा २. भारती

**V अ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1 X 4 = 4**

. 1.उसे बहुत गुस्सा आती है।

2. मैने मकान बनवाने के लिए मैसूर जाना है।

3. वह इधर – उधर देखा।

4. उसे किसी की डर नहीं है।

42. **आ. कोष्टक में दिए गए कारकों से रिक्त स्थान भरिए :** **1 X 4 = 4**

(से , पर, को , में )

क. फर्श-----झाड़ू रख दो।

ख. राजा ने गरीबों------कंबल दिए।

ग. वह शहर------बाहर जा रहा है।

घ. नाव नदी -------डूब गयी।

43. **इ. निम्नलिखित वक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1 X 3 = 3**

1. श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। ( वर्तमान काल में बदलिए )

2. राहुल मुझे पुस्तक देता है। (भविष्यत काल में बदलिए)

**3.** तुलसीदास विनय पत्रिका ग्रन्थ लिखेंगे।(भुतकाल में बदलिए )

**ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **1 X 4 = 4**

1. हाथ फैलाना – क्रोध करना।
2. छाती से लगाना – याचना करना।
3. पानी- पानी होना – प्यार करना।
4. लाल-पीना होना – लज्जित होना।

–

45. **उ. अन्य लिंग रूप लिखिए : १.**नर २.पापिन ३.अभिनेता। **1 X 3 = 3**

46. **ऊ.अनेक शब्दों के लिये एक शब्द लिखिए :** **1 X 3 = 3**

१. जिसकी कल्पना न की जा सके।

२. जो अपनी बात से ना टले।

३.अनेक भाषाएं बोलने वाला।

**47. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नये शब्दों का निर्माण किजिए :**

**1 X 2=2**

१. कल्पना 2. पूत

VI अ. 48 **निम्नलिखित शब्दों के प्रत्तय अलग कर लिखिए :** **1 X 2=2**

**१.जोरदार** २.लिखावट

49**. किसी एक पर निबंध लिखिए** **1 X 5 = 5**

१. प्रदूषण २. साहित्य और जीवन ३. रैल यात्रा

**या**

**छात्रावास से अपने पिता को पत्र लिखिए।**

**50. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों पर उत्तर लिखिए।** **1 X 5 = 5**

**काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अदभुत परम्परा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहां पांच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है । इसमें बिस्मिल्ला खां अवश्य रहते थे। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खां की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। वे जब भी काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बाला जी मंदिर की दिशा की ओर मुंह करके बैठते ,थोडी देर ही सही ,मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती थी। खां साहब की एक रीड १५ से २० मिनट के अंदर गीली हो जाती थी, तब वे दूसरी रीड का इस्तेमाल कर लिया करते थे।**

१. **काशी की प्राचीन एवं अदभुत परम्परा क्या है ?**

२. **संकटमोचन मंदिर कहां पर स्थित है ?**

३. **बिस्मिल्ला खां की श्रद्धा किसके प्रति अपार थी ?**

४. **उस्ताद बिस्मिल्ला खां किस वाघ को बजाते थे ?**

५. **खां साहब की एक रीड कितने समय में गीली हो जाती थी ?**

**51. हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **1 X 5 = 5**

1. Mahatma Gandhi was the follower of truth and non- violence.
2. If we get up early, we can see sun rise.
3. We are going to have dinner at 9"o clock.
4. It is very cloudy and I am sure it will rain.

************************************